ब्रीफ न्यूज

मारपीट मामले में दोनों पक्षों ने कराया प्राथमिकी दर्ज

इमामगंज (रासासं): कोठी थाना क्षेत्र के इसागंज गांव में रविवार की रात घर में घुसकर मारपीट करने पर दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज करवाया गया है। इस संबंध में कोठी थाना अध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के इसागंज गांव में जमीनी विवाद में मारपीट की घटना घटित हुई है। उन्होंने बताया कि एक पक्ष से पांचू प्रजापत व दूसरा पक्ष से बबुनी प्रजापत ने पांच छह लोगों को नामजद आरोपित बनाते हुए काउंटर केस किया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

मुखिया का कार्य शैली से असंतुष्ट होने के कारण बीडीओ को दिया आवेदन

कोंच (रासासं): कोंच प्रखंड क्षेत्र के चबुरा पंचायत में पूर्व उप मुखिया संतोष यादव के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी विपुल भारद्वाज को एक आवेदन दिया है जिसमें चौदहवीं, पंद्रहवीं, सष्ठम स्वछता कार्य का ब्यौरा को मांग करने को लेकर आवेदन दिया और उसमें मुखिया का कार्य से असंतुष्ट होने का जिक्र किया है। वही पंचायत में कार्य कर रहे आवास सहायक का कार्य को सराहना करते हुए आवेदन में उप मुखिया रिंकू देवी के द्वारा कहा गया की अच्छा कार्य करने वाले कर्मियों को मुखिया द्वारा पंचायत में नहीं रहने देना चाहते हैं वो अपने मनमानी तारिके अवैध कार्य करना चाहते हैं और मुखिया द्वारा जो भी कार्य किया गया है वो जांच का विषय है।

संत रैदास जी के मूर्ति को उखाड़ कर बधार में फेंका, जांच में जुटी पुलिस

कोंच (रासासं): कोंच प्रखंड के गौहरपुर मोड़ के मंदिर में स्थित संत रैदास जी के मूर्ति को उखाड़ कर बधार में फेंके जाने का मामला सोमवार के सुबह प्रकाश में आया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए गौहरपुर पंचायत के मुखिया शिव कुमार चौहान ,दीपन दास ने कहा कि गौहरपुर मोड़ के पास बीते 12 वर्ष पूर्व मंदिर में संत रैदास जी का मूर्ति स्थापित किया गया था। ग्रामीण जब सोमवार के सुबह संत रैदास जी के मंदिर की ओर टहलने गए तो देखा कि मूर्ति नहीं है। उसके बाद चोरी होने की आशंका पर खोजबीन शुरू किया गया तो देखा कि गौहरपुर बलवा गांव के बीच बधार में सड़क किनारे एक पुआल के ढेर पर फेंका हुआ है। घटना की जानकारी स्थानीय कोंच पुलिस को दी गई और पुलिस जांच में जुटी हुई है। वहीं, स्थानीय थानाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि उक्त घटना को लेकर स्थानीय थाना में अज्ञात चोरों पर प्राथमिकी दर्ज कराने को लेकर आवेदन दिया गया है पुलिस की कार्रवाई जारी है।वही ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

बाबा खाटू श्याम जी के दर्शन कर बिहार की समृद्धि की प्रार्थना

गया (रासासं): भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.मनीष पंकज मिश्रा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान के खाटू श्याम जी के पावन धाम में दर्शन किए। इस अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, पूर्व मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, युवा नेता ललन कुमार और शिवांश कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।सभी नेताओं ने बाबा श्याम के चरणों में शीश झुकाकर गया जी सहित समस्त बिहार औरदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने बाबा श्याम से समाज में भाईचारा, विकास और तरक्की की राह प्रशस्त करने का आशीर्वाद मांगा।डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने इस दौरान कहा कि खाटू श्याम जी की कृपा से हम सभी को समाजसेवा और राष्ट्रहित के कार्यों को आगे बढ़ाने की शक्ति मिलेगी। इस धार्मिक यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच भाजपा नेताओं ने भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की और भजन-कीर्तन में भाग लिया।यह यात्रा सामाजिक और धार्मिक एकता का संदेश देते हुए धार्मिक आस्था को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

ड्यूटी पर तैनात चौकीदार की हृदय गति रुकने से हुई मौत

गुरुआ (रासासं): गुरूआ थाना क्षेत्र के अमरसी बिगहा गांव निवासी सह गुरुआ के चौकीदार की मौत सुबह ड्यूटी पर तैनात के दौरान हृदय गति रुकने से हो गई,बताया जा रहा है कि वे गया मगध मेडिकल कॉलेज में अपराधी को गुरुआ थाना से इलाज के लिए ले गए थे,सुबह अचानक उनकी हृदय गति रुक जाने के कारण मौत हो गई,इस घटना से उनके परिजनों को रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है,इधर सुबह में उनकी पार्थिक शरीर गांव अमरसी बिगहा पहुंची तो लोगों में कोहराम मच गया,इस संबंध में अमसीबींघा के आदित्य कुमार पासवान, पैक्स अध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने बताया कि चौकीदार काफी अच्छे व नेक इंसान के थे, वे अपनी ड्यूटी काफी अच्छे से करते थे उनकी मौत से उनकी गांव में सोनाटा पसरा हुआ है।

पुलिस महानिरीक्षक ने एसपी कार्यालय का किया निरीक्षण

नवादा (रासासं): पुलिस महानिरीक्षक मगध प्रक्षेत्र छत्रनील सिंह ने सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत नवादा पहुंचकर एसपी कार्यालय सहित विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। संचिका के रखरखाव के आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्हें समाहरणालय परिसर में गार्ड की सलामी दी गयी। पुलिस महानिदेशक क्षत्रनील सिंह ने संचिकाओं की साफ सफाई की समुचित व्यवस्था इत्यादि का अवलोकन कर संबंधित शाखा पदाधिकारी को दिए गए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश। उन्होंने कहा कि संचिकाओं का बेहतर रखरखाव जरूरी है ताकि समय पर उसे आसानी से ढूंढा जा सके। उन्होंने कहा कि संचिकाओं को इतना बेहतर तरीके से रखें कि दिमक आदि उसे नष्ट न करें । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने उन्हें पुलिस कार्यालय में संचिकाओं के रखरखाव के लिए किए गए व्यवस्था की जानकारी दी।इस मौके पर पुलिस अधिकारियों के साथी नवादा के डीएम रवि प्रकाश डीसी प्रियंका रानी आदि उपस्थित थी।

गायत्री मन्दिर के संस्थापक शिक्षा विद केदार बाबू के निधन पर शोक

नवादा (रासासं): नवादा जिले के चर्चित शिक्षाविद तथा गायत्री मंदिर न्यू एरिया के संस्थापक शिक्षाविद केदारनाथ सिंह का सोमवार को निधन हो गया । उनके निधन की खबर सुनते ही नवादा जिले के शिक्षाविदों तथा गायत्री परिवार के धर्मावलंबियों में शोक की लहर दौड़ गई है ।केदारनाथ सिंह 90 वर्ष के थे। शिक्षाविद केदारनाथ सिंह के पुत्र शैलेंद्र कुमार ने बताया कि तबीयत खराब होने की शिकायत के बाद कुछ ही क्षणो में उन्होंने अपना नश्वर शरीर को छोड़कर संसार से विदा हो गए । गायत्री मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष कैलाश प्रसाद सिंह ने कहा है कि केदार बाबू ने काफी मेहनत मशक्कत कर गायत्री मंदिर के निर्माण में अहम भूमिका निभाई थी।उनके कार्यों की जितनी भी सराहना की जाए कम है। उनके निधन पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ,वीरेंद्र कुमार सिंह ,समाजसेवी अनिल प्रसाद सिंह ,अधिवक्ता डॉक्टर साकेत बिहारी सहित कई शिक्षाविदों ने भी शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। गायत्री मंदिर के अध्यक्ष ने कहा केदार बाबू के लंबे संघर्ष तथा परिश्रम की देन ही गायत्री मन्दिर जैसी महान धार्मिक संस्था की स्थापना नवादा में की गई है ।वे 45 वर्षों तक समाज में शिक्षा का भी अलख जगाते रहे ।कई स्कूलों में प्रधान अध्यापक के पद पर काम कर शिक्षा व्यवस्था की सुदृढ़ीकरण में भी अपना योगदान सुनिश्चित किया ।

ट्रांसफर पॉलिसी के खिलाफ बैंककर्मियों ने किया प्रदर्शन

28 और 29 मार्च को देशव्यापी हड़ताल का एलान

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

गया : पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) की नई स्थानांतरण नीति को लेकर बैंक कर्मियों में गुस्सा भड़क उठा है। सोमवार की शाम बैंकिंग से जुड़े कामकाज निपटाने के बाद ऑल इंडिया पीएनबी ऑफिसर्स एसोसिएशन (पीएनबीओए) के बैनर तले बैंक कर्मियों ने प्रदर्शन किया।

मंडल कार्यालय (राय काशीनाथ मोड़) पर जुटे बैंककर्मियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया और पुरजोर नारेबाजी की। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिला बैंककर्मी शरीक हुईं। नई ट्रांसफर पॉलिसी को लेकर बैंक कर्मियों के बीच खासा गुस्सा नजर आया।

बैंक अधिकारियों का कहना है कि बीती 28 फरवरी को लागू की गई नई ट्रांसफर नीति पूरी तरह से स्टाफ विरोधी है। पहले की नीति पारदर्शी और कर्मचारी हितैषी थी, लेकिन अब नए नियमों से महिला कर्मचारियों को सबसे ज्यादा परेशानी होगी। नई पॉलिसी में न तो बैंक और न ही कर्मचारी हित का ध्यान रखा गया है।

धरना-प्रदर्शन के दौरान मंडल सचिव संतोष कुमार और मंडल अध्यक्ष कुमार राघवेंद्र चंदेल ने बैंक प्रबंधन को साफ संदेश दिया कि अगर नई नीति वापस नहीं ली गई, तो 28 और 29 मार्च को देशव्यापी हड़ताल होगी। इस दौरान बैंक कर्मियों ने कहा कि वे अपनी मांगों को लेकर पीछे हटने वाले नहीं हैं। बैंक कर्मियों का संघर्ष जारी रहेगा। बैंककर्मियों के इस विरोध प्रदर्शन से प्रबंधन पर दबाव बढ़ गया है। प्रदर्शन में विभिन्न शाखाओं और कार्यालयों के अधिकारी शामिल हुए। बैंक कर्मियों का कहना है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो विरोध प्रदर्शन और तेज किया जाएगा।

मछली पकड़ने को लेकर विवाद पर दर्जनों लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

कोंच: कोच प्रखंड के आंती थाना क्षेत्र के आंती गांव के महादलित टोला के पोखरा में मछली पकड़ने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। घटना की सूचना उपरांत थानाध्यक्ष रंजीत कुमार, टिकारी एसडीओ सुजीत कुमार, डीएसपी सुशांत कुमार चंचल, इंस्पेक्टर अर्जुन कुमार, बीडीओ बिपुल भारद्वाज, अंचलाधिकारी मुकेश कुमार, कोंच थानाध्यक्ष धनंजय सिंह दल बल के साथ पहुंचे थे और दोनों पक्षों के बीच आंती थाना परिसर में करीब एक घंटे वार्ता हुई थी। दोनों पक्षों के लोगों ने वार्ता के बाद मिलजुल कर आपसी सौहार्द में होली मनाने का निर्णय लिया था। बता दें कि पूर्व से पोखरा के जमीन को लेकर विवाद है, जिसके कारण यह झड़प हुई। इस संबंध में पुलिस ने कांड संख्या 37/25, 38/25 एवं 39/25 दर्ज किया है अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

23 मार्च को हम पार्टी का 'गरीब चेतना सम्मेलन' होगा ऐतिहासिक : नारायण मांझी

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

शेरघाटी: आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारी को लेकर हम (हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा) पार्टी द्वारा 23 मार्च को शेरघाटी के रंगलाल हाई स्कूल मैदान में गरीब चेतना सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर सोमवार को शेरघाटी के कृष्णा होटल में पार्टी कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में हम पार्टी के जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी, विधानसभा प्रभारी सुधीर कुमार यादव, जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश उर्फ लाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष सह इमामगंज संगठन प्रभारी एकराम खान, शेरघाटी प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार मांझी, डोभी प्रखंड अध्यक्ष योगेंद्र मांझी, आमस प्रखंड अध्यक्ष उदित कुमार भोक्ता, युवा उपाध्यक्ष रामाशीष यादव, शेरघाटी महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष उर्मिला देवी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पार्टी के जिला अध्यक्ष नारायण मांझी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतनराम मांझी के निदेर्शानुसार सभी विधानसभा क्षेत्रों में गरीब चेतना सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया है, जिससे पार्टी की एकजुटता और ताकत का प्रदर्शन किया जा सके। उन्होंने कहा कि एनडीए पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेगा और बिहार में पुनः सरकार बनाएगा। मुख्य अतिथि होंगे केंद्रीय मंत्री और हम पार्टी के संरक्षक जीतनराम मांझी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सा बिहार कैबिनेट मंत्री संतोष कुमार सुमन एवं टेकरी विधायक डॉ अनिल कुमार, बाराचट्टी विधायक ज्योति देवी, सिकंदरा के विधायक प्रफुल्ल मांझी होंगे शामिल।

डीएम ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ आगामी चुनाव की तैयारी के संबंध में किया विचार विमर्श

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

गया : जिला निर्वाचन पदाधिकारी गया सह जिला पदाधिकारी गया डॉ त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारी के संबंध में विचार विमर्श आयोजित किया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को स्वागत करते हुए कहा कि बिहार विधानसभा आम निर्वाचन की तैयारी अभी से ही प्रारंभ हुई कर ली गई है। बिहार विधानसभा निर्वाचन की तैयारी में भी आप सभी का भागीदारी अति आवश्यक है। हर स्टेज पर आपकी भागीदारी होनी है। प्रत्येक माह आप सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से फीडबैक भी लिया जाना है। निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी का स्तर से जो भी गतिविधियां चल रही है, उन सभी के बारे में आपको जानकारी उपलब्ध कराया जाना भी बेहद जरूरी है। निर्वाचन कार्य को और भी स्वच्छ निष्पक्ष बनाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी, सहायक

निर्वाचि पदाधिकारी के साथ-साथ बीएलओ को भी निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी बीएलओ के लिए गया जिले में भी एक वर्कशॉप करवाने की बात कही है, ताकि और अच्छे तरीके से उन्हें संवेदनशील बनाया जा सके जिससे वे अपने क्षेत्र में पूरी जिम्मेवारी के साथ कार्य कर सके। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 1 जनवरी 2025 अहर्ता तिथि के आधार पर विधानसभा वार मतदाताओ की विवरणी से अवगत करवाया गया। उन्होंने बताया कि फाइनल पब्लिकेशन 7 जनवरी 2025 को पब्लिश की गई है। गुरुआ विधानसभा में कुल 296660 मतदाता जिनमे पुरुष 154574, महिला 142084 एवं थर्ड जेंडर 02 है। शेरघाटी विधानसभा में कुल 287076 मतदाता जिनमे पुरुष 148666, महिला 138403 एवं थर्ड जेंडर 07 है। इमामगंज विधानसभा में कुल 317674 मतदाता जिनमे पुरुष 164998, महिला 152668 एवं थर्ड जेंडर 08 है। बाराचट्टी विधानसभा में कुल 322083 मतदाता जिनमे पुरुष 167316, महिला 154765 एवं थर्ड जेंडर 02 है। बोधगया विधानसभा में कुल 332428 मतदाता जिनमे पुरुष 173303, महिला 159122 एवं थर्ड जेंडर 03 है। गया टाउन विधानसभा में कुल 281850 मतदाता जिनमे पुरुष 146987, महिला 134859 एवं थर्ड जेंडर 04 है। टिकारी विधानसभा में कुल 321569 मतदाता जिनमे पुरुष 168084, महिला 153474 एवं थर्ड जेंडर 11 है। बेलागंज विधानसभा में कुल 290718 मतदाता जिनमे पुरुष 152217, महिला 138497 एवं थर्ड जेंडर 04 है। अतरी विधानसभा में कुल 318392 मतदाता जिनमे पुरुष 165437, महिला 152954 एवं थर्ड जेंडर 01 है। वजीरगंज विधानसभा में कुल 327351 मतदाता जिनमे पुरुष 170144, महिला 157206 एवं थर्ड जेंडर 01 है। इस प्रकार गया जिला के सभी 10 विधान सभा में कुल 3095801 मतदाता है, जिनमे 1611726 पुरुष, 1484032 महिला एवं 43 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 1 जनवरी 2025 के अहर्ता पर मतदाता सूची में परिवर्द्धन, विलोपन एवं संशोधन के फलस्वरूप परिवर्द्धन में 33579, विलोपन में 6544 एवं संशोधन में 9747 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी में बताया कि 90 वर्ष (90+) से ऊपर के कुल 10030 मतदाताओं पर सत्यापन के क्रम में संशोधन हेतु प्रपत्र 8 के कुल 1470 आवेदन प्राप्त हुए एवं मृत्यु निर्वाचन पाए जाने के क्रम में प्रपत्र 7 में कुल 3220 आवेदन प्राप्त हुए है।

होली के हुड़दंग में गरीबों पर अत्याचार करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा, की जाएगी कानूनी कार्रवाई

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

गया : होली के हुड़दंग में अपने निजी दुश्मनी साधने वाले लोगों के ऊपर हर हाल में कानूनी कार्रवाई की जाएगी होली जैसे सामाजिक समरसता के पर्व में कुछ आसामाजिक तत्व के लोगों के द्वारा समाज के माहौल को विषाक्त करने का प्रयास किया गया है और आसामाजिक तत्वों के द्वारा वैसे गरीब परिवार को चिन्हित कर पुरानी दुश्मनी को साधा गया है मुफस्सिल थाना श्रीरामपुर में अजीत माझी की हत्या मोहनपुर थाना के भगवानपुर में एक व्यक्ति की हत्या , बाराचट्टी थाना अंतर्गत बलजोरी बीघा महादलित टोला में 17 महादलित परिवारों को बुरी तरीके से मारपीट कर घायल कर देना और डोभी थाना अंतर्गत निमिताड़ में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने वाले लोगों को नहीं छोड़ा जाएगा। होली की

आड़ में अपराधी किस्म के लोगों ने इस तरह का घटना को अंजाम दिया है। हम पार्टी के संरक्षक जीतन राम मांझी और राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संतोष मांझी की निर्देश पर पार्टी का एक तीन सदस्य शिष्टमंडल ई .नंदलाल मांझी, दिना मांझी,राजेश मांझी मोहनपुर प्रखंड अध्यक्ष मथुरी मंडल ,बाराचट्टी संतोष यादव ,डोभी योगेंद्र मांझी ,मनोज मांझी घटना वाले गांव में जाकर परिवार से मुलाकात कर उसकी हर संभव मदद देने की बात की है। मालूम हो कि होली के हुड़दंग में मानपुर प्रखंड के श्रीरामपुर में अजीत मांझी की हत्या कर दी गई, मोहनपुर थाना के भगवानपुर में लाठी डंडे से पीट कर हत्या, बाराचट्टी थाना अंतर्गत बलजोरी बीघा महादलित टोला में राम फुलवा देवी साजन मांझी प्रीति कुमारी अर्चना कुमारी मोना माझी अमित कुमार सुदर्शन कुमार सविता कुमारी बबीता कुमारी कमला देवी अल्फा कुमारी लालदेव मांझी आदि लोगों को बुरी तरीके से मारपीट कर घायल कर दिया गया।

मारपीट में घायल युवक का इलाज के दौरान मौत

इमामगंज (रासासं): इमामगंज थाना क्षेत्र के चुआबार गांव में होलिका दहन के दिन हुई मारपीट घटना में एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान चुआबार गांव के रहने वाले 19 वर्षीय गुलशन कुमार के रूप में की गयी। ग्रामीणों ने बताया कि 13 मार्च की शाम गुलशन कुमार को चार-पांच लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया था। जिसे परिजनों व ग्रामीणों के सहयोग से अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। रांची स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। इसी दौरान उसकी मौत हो गयी। इस मामले में मृतक के चचेरे भाई दिनेश कुमार ने पांच युवकों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया है। इस संबंध में प्रभारी थाना अध्यक्ष रास बिहारी प्रसाद ने बताया कि मृतक के चचेरे भाई दिनेश कुमार ने प्राथमिकी दर्ज करवाया है।

सौतेले भाई की पत्नी को गला घोंटकर मार डाला

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

गया : गया के महकार थाना क्षेत्र के श्यामनगर गांव में 42 साल की महिला की हत्या से हड़कंप मच गया। मृतका की पहचान बृजनंदन यादव की पत्नी कांति देवी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि घरेलू विवाद के चलते बृजनंदन यादव के सौतेले भाई प्रमोद यादव ने ही अपनी भाभी की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना रविवार की देर रात की है। घटना की जानकारी के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटनास्थल से पुलिस की जांच टीम ने कुछ साक्ष्य भी जुटाए हैं। घटना की भनक लगते ही पुलिस ने देर रात ही कब्जे में लिया था। सोमवार सुबह महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। शुरूआती जांच में जमीन विवाद को हत्या की वजह बताया जा रहा है। एसडीपीओ प्रकाश कुमार ने बताया कि

घटनास्थल से अहम सुराग मिले हैं। परिजनों और पड़ोसियों से पूछताछ जारी है। नीमचक बथानी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई है। एफएसएल की टीम को भी मौके पर भेजा गया है ताकि वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए जा सके। पुलिस के अनुसार, शुरूआती जांच में सामने आया है कि सौतेले भाई ने ही जमीनी विवाद के चलते भाभी की हत्या की। हालांकि, पुलिस अभी तकनीकी अनुसंधान और आसूचना संकलन कर रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

भारतीय दृष्टिकोण से मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर विशेष व्याख्यान

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

गया : दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय, गया के मनोवैज्ञानिक विज्ञान विभाग द्वारा 17 मार्च 2025 को मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण के भारतीय दृष्टिकोण विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। डॉ. दास अंबिका भारती, इस कार्यक्रम की संयोजक, ने जानकारी दी कि यह व्याख्यान विश्वविद्यालय के दीक्षांत व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम माननीय कुलपति, प्रो. कमेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और विश्वविद्यालय कुलगीत से हुई। प्रो. धर्मेंद्र कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए व्याख्यान श्रृंखला की संक्षिप्त जानकारी दी। इसके बाद, प्रो. के.एन. सिंह ने मुख्य वक्ता प्रो. जय मंगल देव (विभागाध्यक्ष, पीजी सेंटर ऑफ साइकोलॉजी, कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्ट्स और साइंस, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय) को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कुलपति ने भारतीय ज्ञान प्रणाली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में सहायक बताया। प्रो. जय मंगल देव, जो भारतीय मनोविज्ञान के प्रसिद्ध विद्वान हैं, ने अपने व्याख्यान की शुरूआत बौद्ध प्रार्थना से की। उन्होंने बताया कि बुद्ध के सिद्धांत न केवल व्यक्तिगत बल्कि सामाजिक स्तर पर भी मानसिक स्वास्थ्य को सशक्त कर सकते हैं। उन्होंने मन की शक्ति को अनुभवों को आकार देने वाला प्रमुख तत्व बताते हुए आत्मबोध को मानसिक कल्याण का एक महत्वपूर्ण घटक बताया। उनकी प्रस्तुति ने पारंपरिक भारतीय दर्शन और बौद्ध मनोविज्ञान के प्रभावी संयोजन को रेखांकित किया और श्रोताओं को अंतःक्रियात्मक चचाओं में संलग्न किया।

डीजे की धुन पर हथियार लहराने वाला गिरफ्तार

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

गया : मुफस्सिल थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक युवक को कट्टा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोप है कि वह डीजे पर डांस करते हुए हथियार लहरा रहा था। पकड़े गए युवक का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ 6 केस दर्ज हैं। पुलिस इंस्पेक्टर रघुनाथ प्रसाद ने बताया कि देर शाम गुप्त सूचना मिली थी कि मानपुर गांधीनगर फुलवारी में एक युवक हथियार के साथ खुलेआम डांस कर रहा है। सूचना मिलते ही गांधी नगर टीओपी प्रभारी और सशस्त्र पुलिस बल मौके पर पहुंचा। जैसे ही पुलिस टीम पहुंची, युवक रंगीन माहौल में झूम रहा था। पुलिस को देखते ही वहां भगदड़ मच गई। डीजे की धुन पर झूमने वाला युवक तेजी से भागने लगा लेकिन, पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान चंदन कुमार (24), पिता राजा सिंह, निवासी मानपुर गांधीनगर, थाना मुफस्सिल, जिला गया के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से एक लोडेड देशी कट्टा और 8 एमएम का जिंदा कारतूस बरामद हुई। पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया और हथियार जब्त कर लिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी इलाके में दबंगई दिखाने के लिए हथियार लहराता था। पुलिस अब यह भी खंगाल रही है कि कट्टा उसने कहां से खरीदा और इसका इस्तेमाल किस मकसद से किया जाता था। आरोपी से पूछताछ जारी है। उसे जल्द ही न्यायालय में पेश किया जाएगा। गौरतलब है कि मानपुर का गांधीनगर अपराधियों की शरण स्थली के पूर्व से ही विख्यात है। यहां गोलीबारी, चोरी, लूट, छिनैती की वारदात होती रहती है।

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड.
पंजीकृत कार्यालयः 501, साल्कॉन ऑरम, जसोला जिला केंद्र, नई दिल्ली – 110025
सीआईएन : U65900DL2020PLC366027

नीलामी सूचना

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निम्नलिखित उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि बैंक द्वारा जारी व्यक्तिगत नोटिस सहित विभिन्न मांगों और नोटिसों के बावजूद बैंक से उनके द्वारा लिए गए गोल्ड लोन को समायोजित नहीं किया गया है। सभी उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि बैंक के पास सुरक्षा के रूप में रखे गए सोने के आभूषणों की नीलामी करने का निर्णय लिया गया है और तदनुसार **27 मार्च 2025** को उस शाखा परिसर में **दोपहर 03:00 बजे** नीलामी की तारीख तय की गई है जहाँ से ऋण लिया गया था। उधारकर्ताओं, खाताधारकों और आम जनता सहित सभी लोग नीलामी की शर्तों के अनुसार इस नीलामी में भाग ले सकते हैं।

क्र. सं.	शाखा	खाता नंबर	खाता धारक का नाम	पिता/जीवनसाथी का नाम	पता	खाता खुलने की तिथि	भुगतान करें
1.	गाजियाबाद	101542515447	रोहित श्रीवास्तव	पुत्र अनिल कुमार श्रीवास्तव	265/01, डॉ नारायण प्रसाद लेन ननमुहिया सुल्तानगंज, पटना बिहार 800006	12–11–24	58,921.87

नीलामी तिथि 27 मार्च 2025 @ दोपहर 03:00 बजे है।

बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी खाते को नीलामी से हटाने या नीलामी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड।